**दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा नियंत्रित प्री-पेड काउंटरों पर टैक्सी की दरें**

1. इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा टर्मिनल-I
2. इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा टर्मिनल-II

| क्षेत्र | दूरी (कि०मी०) | टैक्सी किराया |
|---|---|---|
| शून्य | 1–5 | 34.00 |
| ए | 5–8 | 46.00 |
| बी | 8–11 | 63.00 |
| सी | 11–14 | 71.00 |
| डी | 14–17 | 88.00 |
| ई | 17–20 | 97.00 |
| एफ | 20–23 | 113.00 |
| जी | 23–26 | 122.00 |
| एच | 26–29 | 134.00 |
| आई | 29–32 | 147.00 |
| जे | 32–35 | 164.00 |
| के | 35–38 | 176.00 |
| एल | 38–41 | 189.00 |
| एम | 41 और उससे ज्यादा | 202.00 |

सेवा प्रभार—1/- रु० मात्र
सामान प्रभार—20 कि०ग्रा० से अधिक 2/– रु०
रात्रि प्रभार—रात्रि 11 बजे से प्रात: 5 बजे तक 25%

**नोट** : इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा टर्मिनल–I और II पर टी०एस०आर० सेवा उपलब्ध नहीं है।

**रेड लाइन बसों का चलाया जाना**

1270. **श्री मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में अब तक किन-किन रूटों पर रेड लाइन बसें चलायी गई हैं, वे किन-किन स्थानों से प्रारम्भ होकर किन-किन स्थानों तक जाती है, और उनके सम्बन्धित रूट कौन-कौन से हैं;

(ख) अब तक कुल कितनी रेड लाइन बसें चलायी गई हैं और ऐसी कुल कितनी बसें चलाए जाने की योजना है;

(ग) जनता से किन-किन रूटों पर रेड लाइन बसें चलाए जाने के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं; और

(घ) इन अनुरोधों पर क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर)** : (क) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली की सरकार से ब्यौरे एकत्र किए जा रहे हैं और सदन के पटल पर रख दिए जाएंगे।

(ख) 3000 रेड लाइन बसें शुरू करने की योजना थी तथापि परन्तु अभी तक 2229 रेड लाइन बसें शुरू की गई हैं।

(ग) और (घ) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार को विभिन्न गंतव्य स्थलों से रेड लाइन बसें शुरू करने के लिए जनता से कुछ अनुरोध प्राप्त हुए हैं। ये सुझाव मैसर्स राइट्स को भेज दिए गए हैं जिसे दिल्ली में बस रूटों को युक्तिसंगत बनाए जाने संबंधी अध्ययन कार्य सौंपा गया है। अतिरिक्त रेड लाइन बसों का शुरू किया जाना अध्ययन-रिपोर्ट के नतीजों पर निर्भर करेगा।

**कानपुर को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग का विकास**

1271. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सच है कि कानपुर को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग कई स्थानों पर खराब हालत में है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ग) गत तीन वर्षों में इन राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत पर कितनी धनराशि खर्च की गई है; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान इन राष्ट्रीय राजमार्गों पर किए गए मरम्मत कार्यों का ब्यौरा क्या है ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर)** : (क) और (ख) जी नहीं। कानपुर को जोड़ने वाले दो राष्ट्रीय राजमार्गों अर्थात् रा०रा०-2 और रा०रा० 25 को निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन यातायात योग्य स्थिति में रखा जा रहा है।

(ग) और (घ) निधियां राष्ट्रीय राजमार्ग वार आबंटित नहीं की जाती बल्कि राज्य के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए आबंटित की जाती हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य को राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए आबंटित निधियां तथा उनके रख-रखाव तथा मरम्मत पर किया गया व्यय नीचे दर्शाया गया है :—

| वर्ष | आबंटन | व्यय |
|---|---|---|
| | (लाख रु०) | |
| 1990-91 | 1108.51 | 1142.80 |
| 1991-92 | 1312.05 | 1366.62 |
| 1992-93 | 1394.96 | 1169.71 |

(जनवरी, 93 तक)

**Proposal to Restructure Hindustan Shipyard**

1272. SHRI KAMAL MORARKA: Will the Minister of SURFACE-TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a proposal to restructure or rehabilitate Hindustan Shipyard is still under Government's consideration;

(b) if so, since when the proposal is under consideration;

(c) the reasons for delay; and

(d) by when a decision is likely to be taken ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER) : (a) Yes, Sir.

(b) and (c) For revival of Hindustan Shipyard Limited the following three major steps are under consideration:—

(i) *Capital restructuring* : The proposal regarding capital restructuring of HSL has been considered from time to time. For formulating a comprehensive proposal in this regard, State Bank of India Capital Markets was engaged. They submitted their Report in March, 1992. The recommendations of SBI Capital Markets did not take into account the various liberalisation measures taken by the Government